एक नजर में

आज 50वें वर्ष में माँ वैष्णो देवी यात्रा के लिये रवाना होगा जत्था

इटारसी। आधी सदी से वैष्णोदेवी के दर्शन करने इटारसी से माता के भक्त जाते रहे हैं। इस वर्ष वैष्णो देवी यात्रा का यह 50 वॉ वर्ष है। माता वैष्णोदेवी के दर्शन करने 3 जुलाई को झेलम एक्सप्रेस से करीब पांच सौ भक्तों का दल निकलेगा। 4 जुलाई को कटरा पहुंचकर भंडारा होगा और 5 जुलाई को सभी माता के दर्शन करेंगे। यात्रा समिति के संयोजक सतीश बतरा ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी शहर के करीब 500 श्रद्धालुओं का जत्था 3 जुलाई को मां वैष्णो देवी यात्रा के लिए रवाना होगा। सभी यात्री रेलवे स्टेशन से सुबह 6-50 बजे झेलम एक्सप्रेस से रवाना होंगे। इससे पूर्व दुर्गा चौक स्थित दुर्गा मंदिर से मां वैष्णो की एक शोभायात्रा भी ढोल ढमाकों के साथ निकाली जाती है। पिछले 49 वर्षों से मां वैष्णो देवी के दर्शन के लिए भक्तों का जत्था जाता है। यह 50 वे वर्ष की धार्मिक यात्रा रहेगी। तीर्थयात्री ट्रेन की एक बोगी में दरबार सजाते हैं, बोगी में ही दोनों वक्त आरती, प्रसाद वितरण एवं भजन-कीर्तन करते यात्रा करते हैं और माता के जयकारे लगाते हुए श्रद्धालु यात्रा पर रवाना होते हैं।

इटारसी के तवानगर में तेंदुए ने किया मवेशी का शिकार

इटारसी में तवानगर स्थित बड़ा मोहल्ला में सोमवार रात बिजली गुल होने के दौरान तेंदुए ने गाय के बछड़े पर हमला कर दिया। मोहल्ला निवासी सुनील सजनकर और पवन ने तेंदुए को मवेशी का शिकार करते देखा। तेंदुआ कुछ देर बाद जंगल की ओर चला गया। अगली सुबह वह दोबारा अपने शिकार के पास आया। तेंदुए को देखते ही मोहल्ले के लोग इकट्ठा हो गए। सभी ने मिलकर शोर मचाया और उसे जंगल की तरफ भगा दिया। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग से सुरक्षा की मांग की है। तवानगर में दीपक यादव की गाय की एक बछिया का शिकार किया है। जिसकी शिकायत पीड़ित ने वन विभाग तवानगर में किया है। वन विभाग क्षतिपूर्ति राशि दिलाने के लिए कार्रवाई कर रहा है। वन विभाग के रेंजर महेन्द्र गौर ने बताया कि जंगल से सटे इस क्षेत्र में वन्य प्राणियों का आना-जाना आम बात है। उन्होंने कहा कि यह घटना अभी तक उनके संज्ञान में नहीं थी। वे मामले की जांच करेंगे और ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाएंगे।

बिना सूचना दिए किसान का पट्टा किया निरस्त

कलेक्टर से न्याय के लिये लगाई गुहार

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम, 02 जुलाई बरसों से अपने खून पसीने से सींची हुई जमीन से अचानक जब किसी को बेदखल कर दिया जाए तो उस पीड़ित और उसके परिवार के ऊपर क्या बीतती है,यह समझना बेहद गंभीर विषय है।जहां धरती को अपनी मां कहने वाले किसान को ही अपनी मां से वंचित कर दिया जाए तो उसे क्या ही कहेंगे । कलेक्टर जनसुनवाई में पहुंचा जहां बनखेड़ी तहसील के ग्राम नयागांव के किसान सरकारी फरमान से हताश और निराशा,जिलाधीश के दरबार में न्याय मांगने पहुंचे। किसान सुरेश पिता स्वर्गीय जीवनलाल ने बताया कि उनकी भूमि खसरा क्रमांक 449/ 14,रकबा 5 एकड़ है जिसका स्वीकृत पट्टा बिना कोई पूर्व सूचना दिए साजिश के तहत निरस्त कर,भूमिहीन कर जीविकोपार्जन से वंचित कर,बनखेड़ी वन अधिकारी द्वारा बेदखल किए जाने की धमकी दी है। किसान सुरेश ने बताया कि उनके स्वर्गवासी पिता को तत्कालीन कलेक्टर होशंगाबाद द्वारा राजस्व प्रकरण 80/आ 59/ 1975/76 के माध्यम से 8/7/1976,को आदेश पारित कर 5 एकड़ का पट्टा जीविकोपार्जन के लिए प्रदान किया गया था, जो उनके जीवन यापन का एकमात्र साधन है।उस समय राजस्व समिति द्वारा कुल 14 व्यक्तियों को भूमि पट्टे के माध्यम से आवंटित की गई थी।कृषक 50 वर्षों से उक्त भूमि पर काबिज होकर अपने परिवार को पालपोस रहा था,जिसका खसरे में भी कब्जा धारी स्वामी के रूप में नाम दर्ज था। कुछ समय पूर्व बताया गया की शासन द्वारा पट्टे में दी हुई भूमि 24/10/2005,में निरस्त कर भूमि बड़ा झाड़ के मद में दर्ज कर दी गई है ।पट्टे निरस्ती के आदेश की सत्य प्रतिलिपि आज तक किसान को नहीं दी गई है ।जब तहसील और कलेक्ट्रेट में जाकर संपर्क किया तो बताया गया कि पट्टानिरस्ती के आदेश की जानकारी कार्यालय में भी मौजूद नहीं है। किसान का कहना है कि यह किसी साजिश के तहत धोखा कर मुझे भूमि से वंचित किया जा रहा है। रिकॉर्ड तहसील में नहीं मिलाना बताता है कि जमीन शासन हथियाना चाहता है। जिसकी जांच होना अत्यंत आवश्यक है।किसान सुरेश ने बताया कि खसरे की अन्य भूमि को चार लोगों को पुन: आवंटित किया गया है,अगर शासन के पास भूमि का अभाव होता तो वह अन्य लोगों को भूमि आवंटित नहीं करती।किसान को बनखेड़ी वन अधिकारी और रेंजर द्वारा धमकी दी जाती है, कि पड़ोसी किसानों की भूमि से बेदखल कर देंगे। जिससे किसानों में डर का माहौल है, किसानों ने कहा कि उन्हें बेदखल किया जाता है तो उनके पास परिवार सहित प्राण त्यागने के अलावा कोई रास्ता नहीं होगा ।इस विषय पर जब वन अधिकारियों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हमारे पास शान द्वारा आदेश हैं।वह वन की भूमि है,जिसे राजस्व द्वारा आवंटित किया गया था, लेकिन क्या अनियमिताएं हो रही हैं यह अलग बात है ।लेकिन उक्त भूमि को खाली करने के शासन के आदेश के तहत ही विभाग कार्यवाही कर रहा है

ट्रेक्टर ट्राली सहित चोरी हुई मूंग का आरोपी पकड़ाया

नवभारत न्यूज

इटारसी, 02 जुलाई पुलिस ने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी के गोदाम से चोरी हुई मूंग और ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। फरियादी योगेन्द्र सिंह पिता सुरेश सिंह सिसोदिया उम्र 35 साल निवासी हाउसिंग वोर्ड कालोनी इटारसी ने रिपोर्ट की थी कि उनके ट्रैक्टर न्यू हालैंड की ट्राली में भरी मूंग 27 कुंटल कीमती 2,25,000 रुपये की मय ट्रेक्टर न्यू हालैंड व ट्राली कोई चोरी कर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। थाना इटारसी क्षेत्र में हुई मूंग की चोरी की घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह के निर्देशन, एसडीओपी वीरेंद्र मिश्र के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गौरवसिंह बुन्देला को चोरी गई मूंग बरामद करने व आरोपी गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया था। थाना प्रभारी गौरव सिंह बुन्देला के नेतृत्व में थाना इटारसी के पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों की टीम बनाकर तत्परता से कार्य करते हुए आज 02 जुलाई25 को मुखबिर की सूचना पर आरोपी सोनू पिता महेंद्र राजपूत उम्र 37 साल निवासी कावड़ मोहल्ला इटारसी के कब्जे से चोरी गई मूंग 27 कुंटल कीमती 2,25,000 रुपये की मय ट्रेक्टर न्यू हालैंड व ट्राली कीमती 4,00,,000 रुपए कुल कीमती 6,25,000 रुपए जब्त करने व आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। इसी प्रकार **अवैध शराब पर अंकुश** लगाने हेतु थाना प्रभारी गौरव सिंह बुन्देला द्वारा टीम बनाकर तत्परता से अवैध शराब जप्त की।

अवैध शराब पर अंकुश लगाने हेतु थाना प्रभारी गौरव सिंह बुन्देला ने चलाया अभियान के तहत 18 बंगला के खंडहर मकान से अवैध शराब जप्त की

शव ले जाने नही मिला शव वाहन, परिजन हुए परेशान

पिपरिया सोमवार को साडिया के पास आम के पेड़ से प्रायवेट एम्बूलेंस के टकरा जाने से हुई तीन महिलाओं व नवजात शिशु की मृत्यु के बाद पोस्टमार्डम के पश्चात शव ले जाने शव वाहन न मिलने से दो घंटे गिरते पानी में परिजन परेशान होते रहे अंत में दो प्रायवेट वाहन व विधायक निधि की एम्बूलेंस से शवो को सर्राकिशोर परिजन व रिश्तेदार लेकर गये। सर्राकिशोर के फौजी अजय राजपूत की पत्नी अंजली की डिलेवरी होने के पश्चात डिसचार्ज कराकर प्रायवेट एम्बूलेंस से जा रहे थे इसी दौरान एम्बूलेंस के टकरा जाने से तीन महिला व एक नवजात बच्चे की मौत हो गई.

आज निकलेगी भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा

नवभारत न्यूज

इटारसी, 02 जुलाई इस्कान नर्मदापुरम द्वारा कल 3 जुलाई को लगातार दूसरे वर्ष भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली जाएगी। इस्कान ने भक्तों को भगवान का रथ खींचने आमंत्रित किया है। रथयात्रा 3 जुलाई को श्री द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर तुलसी चौक से दोपहर में प्रारंभ होगी। रथयात्रा प्रारंभ होने से पूर्व दोपहर 2.30 बजे भोग अर्पण होगा, 2.45 बजे भगवान की महाआरती होगी तथा 3-15 बजे रथयात्रा प्रारंभ की जाएगी। संपूर्ण रथयात्रा के दौरान भक्तों को महाप्रसाद का वितरण भी किया जाएगा। श्री द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर से प्रारंभ होकर रथयात्रा

जयस्तंभ चौक होते हुए पुराना देना बैंक से दाहिने मुड़कर बस स्टैंड के सामने से रेलवे स्टेशन, चौपाटी, रेस्ट हाउस से ऑडिटोरियम के पास से मेजर ध्यानचंद चौक, अटल पार्क के सामने से कॉन्वेंट स्कूल के सामने होकर नवग्रह दुर्गा मंदिर, चामुंडा चौराह, जनता टाकीज रोड, नेहरुगंज तिराहा होकर जयस्तंभ चौक होते हुए वापस श्री द्वारिकाधीश मंदिर में समापन होगा।

जरूरतमंद मरीजों को मिले एयर एम्बुलेंस की सुविधा

नर्मदापुरम. कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में आपात स्वास्थ्य चिकित्सा के जरूरतमंद मरीजों को एयर एंबुलेंस के माध्यम से बाहर भेजे जाने के लिए सीएम एचओ आवश्यक कार्यवाही करें। इसके लिए पर्याप्त प्रचार करवाया जाए साथ ही निजी स्वास्थ संस्थानों के साथ भी समन्वय स्थपित कर उन्हें इस योजना के संबंध में आवश्यक जानकारी उपलब्ध करवाई जाए। नागरिकों को योजना के बारे में जागरुक करनें व्यापक प्रचार होना चाहिए.

एमजीएम कॉलेज में तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

इटारसी, 02 जुलाई शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटारसी में उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल के निर्देशानुसार तीन दिनी दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। दीक्षारंभ के द्वितीय दिवस पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. अरविंद शर्मा ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय चयन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि महाविद्यालय का शैक्षणिक स्टाफ आपके सपनों को, आपके लक्ष्यों को प्राप्त करने में आपका सहयोगी रहेगा आपको केवल अनुशासित और सजग होकर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना

है। प्रवेश प्रभारी डॉ. रश्मि तिवारी द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न वेबसाइट का अवलोकन जैसे ई प्रवेश, MPHED, SSC के सहयोग से चलाए जा रहे AEDP जॉब ओरिएंट कोर्स के साथ BU भोपाल की साइट पर इनरोलमेंट, टाइम टेबल, रिजल्ट, ड्रुस्ल्ट एवं नवीन निर्देश आदि महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया। खेल अधिकारी संजीव कैथवास ने विश्वविद्यालय खेल कैलेंडर की जानकारी देते हुए उपलब्ध खेल सुविधाओं की जानकारी दी.

निरीक्षण में कलेक्टर ने स्कूल के बच्चों से की चर्चा

हरदा. कलेक्टर श्री जैन ने ग्राम अबगांवखुर्द में हाई स्कूल निरीक्षण के दौरान कक्षा 10 वीं के बच्चों से चर्चा कर अध्यापन संबंधी जानकारी ली।

इस दौरान उन्होने बच्चों की सवाल भी पूछे। उन्होने उपस्थित शिक्षकों को विद्यालय का परीक्षा परिणाम सुधारने के लिये प्रयास करने के लिये कहा। उन्होने निर्देशित किया कि विद्यार्थियों को प्रतिदिन होमवर्क दिया जाए तथा उसे नियमित रूप से चेक भी किया जाए। साथ ही बच्चों की मासिक टेस्ट आयोजित की जाए।

लाभान्वित बालकों की फॉलोअप रिपोर्ट घर-घर जाकर लें

नवभारत न्यूज

हरदा, 02 जुलाई कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में ''जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति तथा महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत गठित अन्य विभागीय समितियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सविता झानिया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी एवं प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती सीमा जैन एवं विभागीय पर्यवेक्षक उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने खिरकिया की सुपरवाईजर श्रीमती सविता मासरे द्वारा क्षेत्र भ्रमण कम करने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिये। उन्होने सभी अधिकारियों को क्षेत्र का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिये है। उन्होने निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी आंगनवाड़ी केन्द्र निर्धारित समय पर खुलें। कलेक्टर श्री जैन ने बैठक में निर्देश दिये कि स्पॉन्शरशिप योजना के तहत लाभ ले रहे सभी बालकों की फॉलोअप रिपोर्ट समय पर घर घर जाकर ली जावे। उन्होने निर्देशित किया कि पोषण ट्रैकर पोर्टल पर सभी हितग्राहियों की जानकारी भरी जाए। वन स्टॉप सेंटर अंतर्गत आने वाले सभी प्रकरणों की बारीकी से समीक्षा की जावे। उन्होने निर्देशित किया प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत सभी पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिया जावे। यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित न रहे। उन्होने निर्देश दिये कि है कि यदि किसी हितग्राही का ई-केवायसी नहीं हो पा रहे है तो उसका आधार अपडेट कराकर ई-केवायसी कराएं।

जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति तथा महिला बाल विकास की बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने अधिकारियों को दिये निर्देश.

लायंस क्लब मैत्री ने वृक्षारोपण कर दिया संदेश

नवभारत न्यूज

इटारसी, 02 जुलाई लायंस क्लब इटारसी मैत्री द्वारा नव वर्ष 25 - 26 की प्रथम सेवा गति के रूप में वृक्षारोपण ग्राम पीपलढाना में खाटू श्यामश्री श्याम मंदिर खाटू धाम पीपलढाना इटारसी नर्मदापुरम मध्य प्रदेश, परिसर के सुरक्षित पर कोटे में किया गया, हमारे साथ पीपलढाना की महिलाओं ने भी मिलकर 25 पौधे लगाए हर सदस्य ने एक-एक पौधा लगाया । पौधों में फूलदार फलदार पौधों के साथ औषधि पौधे भी लगाए गए । क्लब अध्यक्ष लायन बरखा पटेल ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के मद्देनजर हम वर्ष में चार-पांच बार वृक्षारोपण करेंगे और लगाए गए वृक्षों की रखरखाव देखभाल करेंगे इस अवसर पर लायंस मैत्री

सचिव श्रीमती श्वेता वशिष्ठ ने कहा कि अच्छा पर्यावरण बहुत जरूरी है क्योंकि इससे ही हमें प्राणवायु मिलती है जिसका अहसास कोविड के समय आक्सीजन की कमी एवं साल दर साल बढ़ते तापमान के कारण हुआ जिसका प्रथम समाधान पौधरोपण ही है. गतिविधि में लायन निशा जैन , लायन बरखा पटेल ला. श्वेता वशिष्ठ ,ला.रुचि शर्मा, ला.सरिता अग्रवाल, ला. रुचि सचदेवा, ला. अनुराधा शर्मा ला. दीप्ति महतो , ला.निशा चतुर्वेदी उपस्थित थे।

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

।। नाम परिवर्तन सूचना ।।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राजीव नयन आ.सुशील चौधरी निवासी वार्ड नं. 19 पथरौटा तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम ने पूर्व में सन्यास धारण कर अपना नाम बदलकर दीपक जैन कर लिया था जो मेरे ड्रायविंग लायसेंस कार्ड में दर्ज है. अब मैने पुनः गृहस्थ जीवन में प्रवेश नाम राजीव नयन कर लिया है. मेरे उपरोक्त ड्रायविंग लायसेंस में मेरी जन्मतिथि 02.10.1970 दर्ज है जबकि मेरी सही जन्मतिथि 07.06.1974 है जो मेरे आधार कार्ड में मतदाता परिचय पत्र में दर्ज है मेरे द्वारा आम सूचना का प्रकाशन क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी होशंगाबाद द्वारा जारी मेरे ड्रायविंग लायसेंस में दीपक जैन के स्थान पर सही नाम राजीव नयन आ. सुशील चौधरी निवासी ग्राम पथरौटा तथा सही जन्मतिथि 02.10.1970 के स्थान पर दिनांक 07.06.1974 दर्ज कराने हेतु किया जा रहा है. इस संबंध में मेरे द्वारा क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के समक्ष शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया जा रहा है.

राजीव नयन आ. सुशील चौधरी
निवासी वार्ड नं 19. ग्राम पथरौटा,
इटारसी जिला नर्मदापुरम

चाट चौपाटी के ठेले वालों को रोजगार देने की मांग

नवभारत न्यूज

हरदा, 02 जुलाई नगर के बड़ा मंदिर चौक क्षेत्र में वर्षों से अपनी चाट चौपाटी की ठेले लगाकर परिवार का भरण-पोषण करने वाले छोटे व्यापारियों को नगर पालिका द्वारा हटाकर वहाँ पार्किंग बना दी गई है। इससे इन गरीब एवं मेहनतकश लोगों का रोजगार छिन गया है, और वे आजीविका के गंभीर संकट से जूझ रहे हैं। इसी मुद्दे को लेकर आज नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष अमर रोचलानी द्वारा एक लिखित आवेदन मुख्य नगरपालिका अधिकारी कमलेश पाटीदार को सौंपा गया। आवेदन में मांग की गई कि जब तक इन ठेलेवालों के लिए कोई स्थायी स्थान तय नहीं होता, तब तक वैकल्पिक रूप से शिवाजी चौक के सामने उन्हें ठेले लगाने की

अनुमति दी जाए। रोचलानी ने यह भी सुझाव दिया कि वर्तमान में शिवाजी चौक पर खड़े होने वाले ऑटो रिक्शाओं को अशोका होटल ग्राउंड के पास स्थित खाली मैदान में स्थानांतरित किया जाए, ताकि ठेलेवालों और ऑटो चालकों—दोनों को व्यवस्थित स्थान मिल सके और नगर की यातायात व्यवस्था भी बाधित न हो। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु में पहले से ही इन छोटे व्यापारियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो जाता है, और रोजगार छिनने से उनका परिवार भुखमरी के कगार पर है। नपा को चाहिए कि वह संवेदनशीलता दिखाते हुए इन लोगों को पुन: रोजगार प्रदान करे।

जनसुनवाई में 9 आवेदन आये

पिपरिया जनसुनवाई में 9 आवेदन आये। पचमढी रोड पर नये मार्ग एवं पुराने मार्ग की खाली जगह पर बजरा डलवाने हेतु राजेश राय द्वारा आवेदन देकर जनसुनवाई में तत्काल ध्यान देने की मांग की। लक्ष्मण प्रसाद एवं 13 अन्य राधाकृष्णनन वार्ड के निवासियों ने पुलिया के क्षतिग्रस्त होने के संबंध में जानकारी देते हुए मरम्मत कराये जाने की मांग की। सहलवाडा के राजेश राय ने पचलावरा से सहलवाडा मार्ग पर प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना में कार्य कराने, ग्राम बोर के मल्लखानसिंह ने पट्टा दिये जाने, हथवांस के मोतीलाल अहिरवार ने खेत फेंसिग से लगकर पंचायत कर्मचारियों द्वारा खेत में बने मकान का ताला तोडकर मूंग की चोरी होने आदि की शिकायत की.

जन्मदिन पर लगाए कृउमं में पौधे

नवभारत न्यूज

इटारसी, 02 जुलाई कृषि उपज मंडी में जन्मदिन एवं शादी की सालगिरह के अवसर पर पेड़ लगाकर पर्यावरण को स्वच्छ सुरक्षित कर रहे हैं एवं कृषि उपज मंडी को हरा भरा बना रहे हैं। आज सिवनी मालवा के पत्रकार विनीत राठी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर पौधे लगाये और कहा कि पौधे लगाना भविष्य के लिए एक उपहार है जो हमें ऑक्सीजन देता है और जीवन को हरा भरा बनाता है। पौधे लगाने से हम न केवल पर्यावरण को बचाते हैं बल्कि अपने जीवन को भी समृद्ध बनाते हैं। इस अवसर पर मंडी सचिव रामदीन इमने, मनोज चांडक, प्रमोद यादव, भगवान दास मालवीय, हितेश अग्रवाल, चुग्गी अग्रवाल, राजेन्द्र तोमर, प्रदीप साहू, फिरोज खान, राजकुमार साहू, कान्हा शर्मा, रामकिशोर पटेल, प्रदीप यादव, दीपेश ठाकुर, राजेश पटेल, अशोक चौधरी, दिव्यांशु , पवन मित्तल सहित मंडी व्यापारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

पोते के जन्मदिन पर पौधारोपण आयोजन

सोहागपुर। हेल्थ पर्यावरण संरक्षण संस्था के तत्वाधान में एक जुलाई की शाम पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन गुरु नानक पब्लिक स्कूल में किया गया। पौधरोपण आयोजन हेल्थ पर्यावरण संस्था के संरक्षक कृष्णा पालीवाल ने अपने पोते यश पालीवाल के जन्मदिन के अवसर पर किया। संरक्षक कृष्णा पालीवाल ने संकल्प लिया है कि प्रतिवर्ष वे पोते के जन्मदिन पर पौधे लगाएंगे एवं पौधों के संरक्षण के लिए पोते यश को प्रेरित करेंगे। संस्था की ओर से ज्ञानी सुरजीत सिंह ने बताया कि हेल्थ पर्यावरण समूह का उद्देश्य भी पर्यावरण के संरक्षण का है। इस कार्यक्रम के दौरान ज्ञानी सुरजीत सिंह, कृष्णा पालीवाल आदि उपस्थित थे.

एसडीएम ने किया निरीक्षण, अवैध कॉलोनी पर एफआईआर

नवभारत न्यूज

सिराली, 02 जुलाई प्रदेश सरकार द्वारा अवैध कॉलोनियों को लेकर सख्त रुख अपनाया जा रहा है।

इसी क्रम में हरदा कलेक्टर सिद्धार्थ जैन द्वारा सभी एसडीएम एवं नगर परिषद सीएमओ को निर्देशित किया गया है कि वे अपनी-अपनी सीमा क्षेत्रों में गठित टीमों के माध्यम से अवैध कॉलोनियों की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई करें। उक्त निर्देशों के पालन में मंगलवार को खिड़कियां एसडीएम अशोक डेहरिया द्वारा सिराली पहुंचकर कॉलोनियों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर में स्थित विद्या विहार कॉलोनी अवैध पाई गई, जिस पर एसडीएम ने संबंधित कॉलोनाइज़र के विरुद्ध

एफआईआर दर्ज करने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि अब किसी भी अवैध कॉलोनी को बख्शा नहीं जाएगा और कठोर कार्रवाई की जाएगी। विद्या विहार कॉलोनी में न तो कोई विकास अनुज्ञा ली गई है, न ही बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था है, जिससे यह अवैध पाई गई। नगर में वर्तमान समय में करीब एक दर्जन से अधिक अवैध कॉलोनियां विकसित की जा चुकी हैं। इन कॉलोनियों में भोले-भाले लोग अपने जीवन की पूंजी लगाकर प्लॉट खरीदते हैं, लेकिन बाद में मूलभूत सुविधाओं की कमी के चलते उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। पानी, बिजली, सड़क, जल निकासी जैसी मूल सुविधाएं नदारद होती हैं। इसके बाद प्लॉट खरीददार नगर परिषद के चक्कर काटने को मजबूर हो जाते हैं। अवैध कॉलोनी बनाने वाले कॉलोनाइजर योजनाबद्ध तरीके से कृषि भूमि खरीद कर उसमें बिना अनुमति कॉलोनी विकसित कर लेते हैं और लोगों को सपनों का झांसा देकर प्लॉट बेच देते हैं। प्रशासन की लापरवाही के चलते ये कॉलोनाइजर खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाते नजर आते हैं।

शॉर्टकट से लेते हैं एनओसी

- सूत्रों की माने तो कुछ कॉलोनाइजर शॉर्टकट अपनाकर नगर परिषद व राजस्व विभाग से एनओसी प्राप्त कर लेते हैं। हाल ही में कई कॉलोनियों को बिना मूलभूत सुविधाओं के ही अनुमति दे दी गई है, जबकि कुछ कॉलोनियां पेट्रोल पंप और गैस गोदाम से 100 मीटर से भी कम की दूरी पर स्थित हैं। ऐसे में नियमों के तहत इन कॉलोनियों को अनुमति नहीं दी जानी चाहिए थी, परंतु विभागीय मिलीभगत के कारण इन्हें हरी झंडी मिल गई।

इनका कहना

हमारे द्वारा आज विद्या विहार कॉलोनी का निरीक्षण किया गया है। यह कॉलोनी अवैध पाई गई है। कॉलोनाइजर पर एफआईआर के निर्देश दिए जा रहे हैं और आगे भी अवैध कॉलोनियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अशोक डेहरिया
एसडीएम खिरकियां